दिन– सोमवार

दिनांक– 07 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. सुप्रीम कोर्ट बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर दायर याचिकाओं पर दस जुलाई को सुनवाई करेगा।
02. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिहार में चार नये अमृत भारत ट्रेन के परिचालन की घोषणा की।
03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अठारह जुलाई को मोतिहारी में एक जनसभा को करेंगे संबोधित। बिहार के लिए विशेष पैकेज की करेंगे घोषणा।
04. और, कटिहार में धार्मिक जुलूस के दौरान हुई हिंसक झड़प के बाद स्थिति अब नियंत्रण में। आज रात बारह बजे तक जारी रहेगा इंटरनेट पर प्रतिबंध।

---

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एस.आई.आर. को लेकर सुप्रीम कोर्ट मे दायर याचिकाओं पर दस जुलाई को सुनवाई होगी। न्यायाधीश सुधांशु धूलिया और जे. बाग्ची की खंडपीठ ने राज्य में मतदाता सूची को संशोधित करने के चुनाव आयोग के निर्णय के विरूद्ध दायर याचिकाओं की सुनवाई के लिए सहमति दी। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के तरीके और समय को लेकर आयोग के कदम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इस संबंध में दायर याचिकाओं में कहा गया है कि अगर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य बंद नहीं किया जाता है तो लाखों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

---

इधर, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग खुद भ्रमित है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के रवैये को देखते हुए पार्टी को सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा।

–––बाइट–––

इस बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने आज मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात की। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि गहन मतदाता पुनरीक्षण के लिए निर्वाचन आयोग ने बहुत कम समय अवधि निर्धारित की है, जिस कारण प्रवासी लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

———बाइट———

भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण अभियान संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ है।

———बाइट———

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर जो शंकाएं जाहिर की गई थी उसका अभी तक समाधान नहीं निकाला है।

———बाइट———

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शहनवाज हुसैन ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की आड़ में राजद आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी हार का बहाना खोज रही है।

———बाइट———

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य मतदाताओं के सक्रिय सहयोग से सुचारू रूप से चल रहा है। आयोग ने एक बयान में बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण चौबीस जून को जारी निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है और इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। पुनरीक्षण अभियान का प्रारंभिक चरण लगभग पूरा हो चुका है और सभी पात्र मतदाताओं को फॉर्म उपलब्ध करा दिए गए हैं। अभी तक दो करोड़ सत्तासी लाख से अधिक गणना फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं। ग्यारह दशमलव दो छह प्रतिशत फॉर्म अपलोड कर दिए गए हैं। चुनाव आयोग

ने स्पष्ट किया है कि एक अगस्त को जारी होने वाली मतदाता सूची के प्रारूप में उन्हीं व्यक्तियों के नाम होंगे जिनके गणना फॉर्म प्राप्त हुए हैं।

---

अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड के कोशकापुर में प्रतिनियुक्त बीएलओ शशिकांत पोद्दार को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं, शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय प्रखंड के चरूआवां के बीएलओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बीएलओ पर पुनरीक्षण अभियान को लेकर अफवाह फैलाने का आरोप है।

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार के सत्रह गैर पंजीकृत मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की मान्यता समाप्त करने की चेतावनी जारी की है। इन दलों ने वर्ष दो हजार उन्नीस से अब तक कोई चुनाव नहीं लड़ा है। आयोग ने पन्द्रह जुलाई तक इन सभी दलों को अपना जबाव दायर करने का निर्देश दिया है।

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिहार में चार नये अमृत भारत ट्रेन के परिचालन की घोषणा की है। इन ट्रेनों का परिचालन पटना से दिल्ली, दरभंगा से लखनऊ, मालदा से लखनऊ और सहरसा से अमृतसर की बीच किया जायेगा। साथ ही उन्होंने जोगबनी से दक्षिण भारत के इरोड के लिए भी नये ट्रेन के परिचालन की घोषणा की। श्री वैष्णव ने बताया कि भागलपुर–जमालपुर तीसरी रेललाईन, बख्तियारपुर–राजगीर–तिलैया रेललाइन के दोहरीकरण और रामपुर भागलपुर रेललाइन के दोहरीकरण कार्य की जल्द ही मंजूरी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि पटना और दरभंगा में दो नये सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क खोले जायेंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे भारत के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम रेलवे स्टेशन के पास संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों की तुलना में बिहार को वंदे भारत और नमो भारत एक्सप्रेस ट्रेन का अधिक आवंटन किया गया है।

———बाइट———

———————————————————————————

इनमें दरभंगा से लखनऊ और मालदा से लखनऊ के बीच चलने वाली अमृत भारत ट्रेन सप्ताहिक होगी। इससे पहले रेलमंत्री ने कर्पूरी ग्राम रेलवे स्टेशन पर विकसित की गई विभिन्न यात्री सुविधाओं का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने सत्रह करोड़ रूपये की लागत से कर्पूरी ग्राम स्टेशन के उन्नयन कार्य और समपार फाटक के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अठारह जुलाई को मोतिहारी में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि श्री मोदी मोतिहारी में आयोजित कार्यक्रम से बिहार के लिए विशेष पैकेज की घोषणा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

———बाइट———

———————————————————————————

कटिहार में धार्मिक जुलूस के दौरान हुई हिंसक झड़प के बाद स्थिति अब नियंत्रण में है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

———रिपोर्ट————

किसी भी प्रकार की अफवाह पर रोक लगाने के लिए जिले में कल रात बारह बजे से चौबीस घंटे के लिए इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस मामले में स्थानीय थाने में दो प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस बीच, पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त राजेश कुमार, जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा और पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने शांति समिति और राजनीति दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। प्रमंडलीय आयुक्त ने लोगों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

——बाइट———राजेश कुमार—

कटिहार के जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने कहा कि शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से मुकेश कुमार चौधरी।

———————————————————————————

पूणियां जिले के मुफस्सिल थाना के राजीगंज पंचायत अंतर्गत टेटगामा में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी गई। हमारे संवाददाता ने परिवार के जीवित बचे सदस्य सोनू के हवाले से बताया कि कल देर रात लगभग पचास लोगों ने उनके घर को घेर लिया और सभी सदस्यों की पीट–पीट कर हत्या कर दी। इधर, पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत ने कहा कि पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। अब तक दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट स्थित ग्रामीण बैंक की शाखा से अपराधियों ने दस लाख रूपये लूट लिए। पुलिस ने बताया कि तीन की संख्या में आए हथियारबंद अपराधियों ने बैंक कर्मियों को बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

---

रोहतास जिले के आकाश दीप ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में दस विकेट लेकर भारत को जीत दिलाई। इस प्रदर्शन को आकाश दीप ने अपनी बड़ी बहन को समर्पित किया, जो कैंसर से पीड़ित है। उनकी बहन ने आकाश दीप के हौसले और समर्पण की सराहना की।

———बाइट———

आकाश दीप की माँ ने कहा कि यह उनके मेहनत और लगन का परिणाम है। आकाश दीप ने मुश्किल समय में भी हार नहीं मानी और क्रिकेट के प्रति अपने जुनून को बनाए रखा।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित कार्यक्रम में सात हजार चार सौ अड़सठ नवनियुक्त महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एएनएम को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय भी मौजूद थे।

---

शेखपुरा जिले की एक अदालत ने हत्या के प्रयास के एक मामले में दोषी बोढ़न पांडेय को दस वर्ष कारावास और दस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं, मधुबनी की एक अदालत ने अपनी पुत्री की हत्या के दोषी लाल बाबू साह को पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

---

मुंगेर जिले के वासुदेवपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को भारी मात्रा में गांजा और स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

---

01. सुप्रीम कोर्ट बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर दायर याचिकाओं पर दस जुलाई को सुनवाई करेगा।
02. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिहार में चार नये अमृत भारत ट्रेन के परिचालन की घोषणा की है।
03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अठारह जुलाई को मोतिहारी में एक जनसभा को करेंगे संबोधित। बिहार के लिए विशेष पैकेज की करेंगे घोषणा।
04. और, कटिहार में धार्मिक जुलूस के दौरान हुई हिंसक झड़प के बाद स्थिति अब नियंत्रण में है। आज रात बारह बजे तक जारी रहेगा इंटरनेट पर प्रतिबंध।

---

समाप्त